## "जल जीवन मिशन" अन्तर्गत जनपद स्तरीय जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन पुनर्गठन समिति की बैठक दिनांक 09.02.2021 को सम्पादित बैठक की कार्यवृत्ति।

जल जीवन मिशन के अन्तर्गत राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा कराये जा रहे जल जीवन मिशन की विभिन्न योजनाओं को जनपद स्तर पर कियान्वित किये जाने हेतु प्रमुख सचिव नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति अनुभाग-1 उत्तर प्रदेश के शासनादेश सं0 95/छिहत्तर-1-2020-20स्वजल /2010टी0सी0-अ दिनांक 21 जनवरी 2020 एवं विशेष सचिव उत्तर प्रदेश शासन के शासनादेश सं0 2100/छिहत्तर-1-2020/- 9सम/2005टी0सी0-5 दिनांक 04 नवम्बर 2020 के कम में दिनांक 09.02.2021 को जिलाधिकारी/अध्यक्ष जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन कौशाम्बी की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय में बैठक सम्पादित की गयी। बैठक में निम्न अधिकारीगण उपस्थित रहे।

01. श्री अमित कुमार सिंह, जिलाधिकारी/अध्यक्ष जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन कौशाम्बी।
02. श्री शशिकान्त त्रिपाठी, मुख्य विकास अधिकारी कौशाम्बी।
03. श्री विजय कुमार, जिला विकास अधिकारी कौशाम्बी।
04. श्री सौमित्र, अधिशासी अभियन्ता जल निगम कौशाम्बी/सदस्य सचिव।
05. श्री गौरी शंकर गुप्ता, सहायक अभियन्ता लघु सिंचाई कौशाम्बी/नोडल।
06. श्री गोपाल जी ओझा, जिला पंचायत राज अधिकारी कौशाम्बी।
07. श्री प्रकाश सिंह, बेसिक शिक्षा अधिकारी कौशाम्बी।
08. श्री मनोज कुमार गौतम, जिला कृषि अधिकारी कौशाम्बी।
09. श्री राकेश चन्द्र, सहायक अभियन्ता सिंचाई खण्ड कौशाम्बी।
10. श्री एस0 एन0 त्रिपाठी, क्षेत्रीय वनाधिकारी, वन विभाग कौशाम्बी।
11. श्री विनोद कुमार, प्रतिनिधि जिला सूचना अधिकारी कौशाम्बी।
12. श्री मुलायम सिंह, वाटर सैम्पुल कलेक्टर भूगर्भ जल विभाग कौशाम्बी।
13. श्री विवेकचन्द्र श्रीवास्तव प्रतिनिधि मे0 जे0 एम0 सी0 प्रोजेक्ट।

सर्वप्रथम सहायक अभियन्ता लघु सिंचाई द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत समस्त ग्रामीण घरों को वर्ष 2024 तक पाइप पेयजल योजना द्वारा कियाशील गृह संयोजन उपलब्ध कराये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है जिसके अन्तर्गत अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के पत्र सं0 2203/W-22/NIT/2020-21 दिनांक 18 जनवरी 2021 द्वारा जनपद कौशाम्बी हेतु मे0 जे0 एम0 सी0 प्रोजेक्ट एवं एल0सी0ई0एस0पी0एल0, जे0वी0 6वाँ तल कल्पतरू सेनर्जी ग्राण्ड हॉयात होटल के सामने, सान्ताक्रूज (ईस्ट) मुम्बई को सूचीबद्ध किया गया है तथा पूर्व निर्मित पाइप पेयजल योजनाओं का सुचारू रूप से संचालन हेतु पुर्नगठन एवं योजना के अन्तर्गत सम्मिलित ग्रामों समस्त परिवारों को FHTC उपलब्ध कराने हेतु पूर्व निर्मित पाइप पेयजल योजनाओं के (12 नग) एवं गुणता प्रभावित बस्तियों के 04 ग्रामों पर चर्चा की गयी एवं समिति द्वारा जनपद के अनुसूचित जाति/जनजाति बाहुल्य के अत्यधिक प्रतिशतता वाले 10 अतिरिक्त राजस्व ग्रामों को चयन कर शासन द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूची में सम्मिलित

कमशः पृष्ठ 02 पर........

Scanned with OKEN Scanner

करते हुए प्रस्तावित करने हेतु कहा गया। समिति द्वारा जनपद में पूर्व निर्मित पाइप पेयजल योजनाओं के (12 नग) पुर्नगठन एवं अन्य गुणता प्रभावित 04 ग्रामों की प्रस्तुत सूची के साथ एकल ग्राम कमालपुर व कोसमखिराज को जोन-01 के स्थान पर जोन-02 में संशोधित करने एवं अनुसूचित जाति/जनजाति बाहुल्य के अत्यधिक प्रतिशतता वाले 10 राजस्व ग्रामों को सम्मिलित कराने हेतु कहा गया। जिसका विवरण निम्न प्रकार है:-

गुणता प्रभावित बस्तियों (आर्सेनिक/फ्लोराइड/अन्य गुणता प्रभावित) की सूची

Quality Affected Uncovered Villages

| S.No | DISTRICT | BLOCK | GRAM PANCHAYAT | REVENUE VILLAGE | Status | PARAMETER |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | KAUSHAMBI | SIRATHU | RAMPUR DHAMAWAN | RAMPUR DHAMAWAN | Uncovered | IRON |
| 2 | KAUSHAMBI | KAUSHAMBI | ARKA FATEHPUR | ARKA FATEHPUR | Uncovered | TDS |
| 3 | KAUSHAMBI | MURATGANJ | MAHGAON DEH MAFI | MAHGAON DEH MAFI | Uncovered | TDS |
| 4 | KAUSHAMBI | KARA | UCHRANWA | UCHRANWA | Uncovered | TDS |

पूर्व निर्मित पाइप पेयजल योजनाओं का सुचारू रूप से संचालन हेतु पुर्नगठन एवं योजना के अन्तर्गत सम्मिलित ग्रामों के समस्त परिवारों को उपलब्ध कराने हेतु सूची

Re-Organisation of PWS Schemes for Kaushambi

Total No. of PWS: 12

| S. no. | District | Block | GRAM PANCHAYAT | Name of PWS |
|---|---|---|---|---|
| 1 | KAUSHAMBI | MURATGANJ | NARNA URF ALAMCHAND | Alamchand GOV |
| 2 | KAUSHAMBI | KARA | BADHERI | Badehari |
| 3 | KAUSHAMBI | CHAYAL | CHARWA | Charwa GOV |
| 4 | KAUSHAMBI | KAUSHAMBI | CHIKWA | Chikwa GOV |
| 5 | KAUSHAMBI | KARA | DARANAGAR | Daranagar GOV |
| 6 | KAUSHAMBI | KARA | KARA | Kara GOV |
| 7 | KAUSHAMBI | KAUSHAMBI | KAUSHAM KHIRAJ | Kausham Khiraj GOV |
| 8 | KAUSHAMBI | KAUSHAMBI | KAUSHAM KHIRAJ | Kausham Khiraj SAGY (Zone-2) |
| 9 | KAUSHAMBI | KARA | SHAJADPUR | Shajadpur GOV |
| 10 | KAUSHAMBI | KARA | PAHARPUR KODAN | Shiyah Kamasin GOV |
| 11 | KAUSHAMBI | SIRATHU | SIRATHU | Sirathu GOV |
| 12 | KAUSHAMBI | SIRATHU | UDHIN BUJURG | Udhin bujurg GOV |
| 13 | KAUSHAMBI | NEWADA | KAMALPUR BARETHI | KAMALPUR |

क्रमशः पृष्ठ 03 पर........

Scanned with OKEN Scanner

अधिशासी निदेशक राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के कार्यालय पत्र सं0 2203/W-22/NIT/2020-21 दिनांक 18 जनवरी 2021 के कम में Village covered under New Schemes Propsed के अनुसूचित जाति/जनजाति बाहुल्य के अत्यधिक प्रतिशतता वाले राजस्व ग्रामों की सूची

| S. no. | Block | GRAM PANCHAYAT | Revenue village | Total Population | Population of SC | Population of ST | Percentag of SC/ST |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | MANJHANPUR | DHANPARA | DHANPARA | 1610 | 1249 | 0 | 78 |
| 2 | NEWADA | RASULPURTAPPA | RASULPURTAPPA | 2177 | 1597 | 0 | 73 |
| 3 | SIRATHU | BIDANPUR AMAD KARARI | BIDANPUR AMAD KARARI | 2381 | 1724 | 0 | 72 |
| 4 | CHAYAL | KATHRA | KATHRA | 2256 | 1600 | 0 | 71 |
| 5 | KAUSHAMBI | DHAMSIRA BALLOPUR | DHAMSIRA BALLOPUR | 1426 | 1016 | 0 | 71 |
| 6 | SARSAAWA | GAURATFARIK | GAURATFARIK | 1204 | 845 | 0 | 70 |
| 7 | SIRATHU | RUPNARAYANPUR SAILABI | ALAWALPUR SANJETI | 427 | 300 | 0 | 70 |
| 8 | SIRATHU | MANPUR GAURA | MANPUR GAURA | 1480 | 1021 | 0 | 69 |
| 9 | MANJHANPUR | SAIDANPUR | SAIDANPUR | 1478 | 1019 | 0 | 69 |
| 10 | KAUSHAMBI | ITAILA | ITAILA | 1074 | 742 | 0 | 69 |

अधिशासी अभियन्ता जल निगम द्वारा जनपद में पूर्व से संचालित 24 रेट्रोफिटिंग पीडब्लूएस स्कीम तथा 07 नई परियोजनाओं के बारे में बताया गया तथा अधिशासी अभियन्ता जल निगम एवं सहायक अभियन्ता लघु सिंचाई द्वारा एकल ग्राम कमालपुर वि0खण्ड चायल एवं ग्राम कोसमखिराज विकास खण्ड कौशाम्बी को जोन-01 के स्थान पर संशोधित कर जोन-02 में सम्मिलित करने हेतु प्रस्तावित किया गया। मे0 जे0 एम0 सी0 प्रोजेक्ट के प्रतिनिधि श्री विवेकचन्द्र श्रीवास्तव द्वारा प्रस्तावित ग्रामों की सूची प्राप्त होने पर सर्वेक्षण के उपरान्त डी0पी0आर0 बनाने के लिए कहा गया।

समिति द्वारा जल निगम की पूर्व संचालित योजनाओं तथा 10 ग्राम समूह की परियोजनाओं की समीक्षा की गयी जिसमें अधिशासी अभियन्ता जल निगम द्वारा बताया गया कि 09 परियोजनायें संचालित तथा 01 परियोजना (कोसम खिराज) का जोन 01 में कार्य चल रहा है तथा जोन 2 के लिए प्रस्ताव उपलब्ध न होने के कारण बन्द है। वर्तमान में 06 नई परियोजनाओं पर कार्य चल रहा है। जनपद में पूर्व निर्मित पाइप पेयजल योजनाओं के (13 नग) पुर्नगठन एवं अन्य गुणता प्रभावित 04 ग्रामों की प्रस्तुत सूची के आधार पर समिति द्वारा आर्सेनिक/फ्लोराइड प्रभावित अन्य ग्रामों के बारे में जानकारी चाही गयी जिसके कम में अधिशासी अभियन्ता जल निगम तथा सहायक अभियन्ता लघु सिंचाई द्वारा कहा गया कि जनपद हेतु पूर्व में आवंटित फ्लोराइड प्रभावित ग्राम पंचायत गिरिया खालसा और शेखपुर रसूलपुर कवर कर लिया गया है तथा इसके अतिरिक्त कोई ग्राम फ्लोराइड/आर्सेनिक प्रभावित नहीं है। अधिशासी अभियन्ता जल निगम द्वारा आयरन प्रभावित ग्राम रामपुर धमांवा को बताया गया जो पूर्व से ही अच्छादित सूची में सम्मिलित है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा सांसद आदर्श ग्राम पट्टीनरवर, कोशम खिराज तथा समसाबाद के बारे में चर्चा

कमशः पृष्ठ 04 पर.......

Scanned with OKEN Scanner

की गयी जिसमें अधिशासी अभियन्ता जल निगम द्वारा बताया गया कि समसाबाद परियोजना पूर्ण, पट्टीनरवर तथा कोशमखिराज में नई परियोजनाओं के अन्तर्गत कार्य चल रहा है। समिति द्वारा ग्राम रामपुर धमांवा के 08 आयरन प्रभावित हैविटेशन (आबादी) के सम्बन्ध में चर्चा किया गया। अधोहस्ताक्षरी द्वारा जल निगम में पूर्व संचालित 06 परियोजनाओं को समयान्तर्गत पूर्ण कराने हेतु निर्देशित किया गया तथा गिरिया खालसा, सौरई खुर्द एवं अफजलपुरवारी में संचालित परियोजनाओं की प्रगति अत्यन्त कम पाये जाने पर रोष व्यक्त किया गया तथा निर्देशित किया गया कि प्रत्येक दशा में दैनिक रणनीति तैयार कर समयान्तर्गत कार्य पूर्ण करायें। सूचीबद्ध फर्म आवंटित ग्रामों में सर्वे कार्य हेतु रोस्टर तैयार कर सम्बन्धित उपजिलाधिकारी को उपलब्ध करायेंगे एवं सम्बन्धित उपजिलाधिकारी से सम्पर्क स्थापित कर ससमय डी0पी0आर0 तैयार कर सहायक अभियन्ता लघु सिंचाई कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

अन्त में जिलाधिकारी/अध्यक्ष महोदय द्वारा बैठक समाप्ति की घोषणा की गयी तथा सहायक अभियन्ता लघु सिंचाई/नोडल जल जीवन मिशन द्वारा उपस्थित सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

(अमित कुमार सिंह)
जिलाधिकारी/अध्यक्ष
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
कौशाम्बी।

## कार्यालय जिलाधिकारी कौशाम्बी।

पत्रांक 746 /ल0सि0/ज0जी0मि0–कार्य0/2020–21 दिनांक 20.02.2021

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

01. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ।
02. मुख्य अभियन्ता लघु सिंचाई विभाग उ0 प्र0 लखनऊ।
03. मुख्य विकास अधिकारी कौशाम्बी।
04. प्रभागीय वनाधिकारी, वन विभाग कौशाम्बी।
05. मुख्य चिकित्साधिकारी, कौशाम्बी।
06. जिला विकास अधिकारी, कौशाम्बी।
07. समस्त उपजिलाधिकारी जनपद कौशाम्बी।
08. अधिशासी अभियन्ता लघु सिंचाई खण्ड प्रयागराज।
09. अधिशासी अभियन्ता वाटर रिर्सोसेस/सिंचाई खण्ड कौशाम्बी।
10. अधिशासी अभियन्ता भूगर्भ जल विभाग कौशाम्बी।
11. अधिशासी अभियन्ता जल निगम/सदस्य सचिव कौशाम्बी।
12. सहायक अभियन्ता लघु सिंचाई/नोडल, जल जीवन मिशन कौशाम्बी।
13. जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कौशाम्बी।
14. जिला कृषि अधिकारी कौशाम्बी।
15. जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी कौशाम्बी।
16. मे0 जे0 एम0 सी0 प्रोजेक्ट एवं एल0सी0ई0एस0पी0एल0, जे0वी0 6वॉ तल कल्पतरू सेनर्जी ग्राण्ड हॉयात होटल के सामने, सान्ताक्रूज (ईस्ट) मुम्बई।

जिलाधिकारी/अध्यक्ष
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
कौशाम्बी।

Scanned with OKEN Scanner